जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान में सुपर जिंक स्मेल्टर प्लांट

7329. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत :
श्री माधव राव सिंधिया :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान म सार्वजनिक क्षेत्र में सुपर जिंक स्मेल्टर प्लांट लगाने के लिए जिला चित्तौड़गढ़ को अंतिम रूप से चुना गया है ; यदि हां, तो क्या इस योजना को अंतिम स्वीकृति दे दी गई है ;

(ख) क्या छठी पंचवर्षीय योजना के अंतिम चरण में इस योजना पर काम आरंभ हो जाने की संभावना है ;

(ग) क्या विलम्ब से इस परियोजना की लागत बढ़ जाने की सभावना है, यदि हां, तो कितनी ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि इस समय जस्ते के आयात पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च की जा रही है ?

इस्पात और खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) और (ख) खान विभाग के सरकारी उपक्रम हिन्दुस्तान जिंक लि० ने चित्तौड़गढ़ के निकट एक जस्ता-सीसा प्रद्रावक कम्पलेक्स और ग्रहीत ताप बिजलीघर, देबारी में गैस-टरबाइन सेट की स्थापना तथा सीसा-जस्ता खानों (रामपुरा-अगुचा और बरोई) (सभी राजस्थान में) के विकास हेतु 525.23 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का एक प्रस्ताव पेश किया है। लेकिन धनाभाव के कारण इस प्रस्ताव पर पूंजी निवेश का निर्णय फिलहाल स्थगित कर दिया है। सातवीं योजना बनाने के संदर्भ में उपलब्ध स्रोतों के व्यापक मूल्यांकन के बाद, अन्य के साथ इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

(ग) कंपनी के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित सूचकांक के आधार पर विलम्ब के कारण मार्च, 1985 तक पूंजी लागतों में कम से कम 115.00 करोड़ रुपये की वृद्धि हो जाने का अनुमान है।

(घ) गत तीन वर्षों में जस्ता धातु के आयात पर विदेशी मुद्रा का खर्च इस प्रकार रहा :—

1981-82	52.55 करोड़ रु०
1982-83	41.69 करोड़ रु०
1983-84 (प्रत्याशित)	43.39 करोड़ रु०

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में सीमेंट उद्योग की स्थापना

7330. प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के दक्षिण-पूर्व क्षेत्र चित्तौड़गढ़ और कोटा में चूना पत्थर का बहुत बड़ा भंडार है ; और

(ख) क्या सरकार की चूना पत्थर के भंडार का उचित उपयोग करने की दृष्टि से सरकारी क्षेत्र में वहां एक सीमेंट उद्योग स्थापित करने की कोई योजना है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि राम राव) : (क) राजस्थान राज्य सरकार ने बताया है कि इस क्षेत्र में चूना मिट्टी के विस्तृत भंडार विद्यमान हैं।